हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 15 मई 2024
[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]




# सफलता जरूर मिलेगी लेकिन.... शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक को मिलकर काम करना होगा। एक भी कड़ी कमजोर न रह जाए।



जब छात्र किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी शुरू करता है, तो सबका लक्ष्य परीक्षा उत्तीर्ण कर सीट सुनिश्चित करना होता है। लेकिन आमतौर पर बहुत कम विद्यार्थी अपना लक्ष्य हासिल कर पाते हैं। हमारा मानना है कि JEE हो या NEET या फिर कोई और प्रतियोगिता... सफलता जरूर मिलेगी लेकिन इसके लिए एक रूट चार्ट का पालन करना बहुत जरुरी है। दरअसल, किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की सफलता के लिए सही स्ट्रेटेजी बहुत जरुरी है। इसमें अकेले शिक्षण संस्थान ही नहीं, विद्यार्थी और उनके अभिभावकों की भी बड़ी भूमिका होती है।

**कोचिंग संस्थान के नाते जिम्मेदारी:** एक कोचिंग संस्थान के नाते हम हमारी जिम्मेदारी मानते हैं कि–

1.समय पर कक्षाएं लगवाएं। 2.हर विषय के अनुभवी फैकल्टी से, समय पर पाठ्यक्रम पूरा करवाएं। 3.विद्यार्थी को अपडेटेड अध्ययन सामग्री और तकनीक समर्थन जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा टेस्ट–एनालिसिस और प्रदर्शन सुधार के जरूरी सुझाव देते रहें। 4.पढ़ाई में छात्र को कोई संदेह रह जाए तो उसे क्लियर करवाएं। 5.बच्चे को जब भी जरुरत हो, भिलाई में स्थानीय अभिभावक के रूप में समर्थन दें। ऐसा वातावरण उपलब्ध करवाएं कि विद्यार्थी मोटीवेट रहकर लक्ष्य पर फोकस रहे और लगातार तैयारी करता रहे।

इसके लिए हमने पूरा सिस्टम बना रखा है और हजारों सहयोगियों की टीम कोटा से काम कर रही है। अगर कोई कड़ी कमजोर पड़ जाए तो हमें बताएं, समस्या का तत्काल समाधान करेंगे।

**विद्यार्थी की जिम्मेदारी** – सफलता के लिए छात्र के मन में जोश, जज़्बा, और आवश्यक स्पार्क नहीं है तो दुनिया की कोई ताकत कुछ नहीं कर सकती। इसलिए विद्यार्थी में रोजाना 12-14 घंटे मेहनत और संवेदनशीलता से पढ़ाई करने की इच्छा और लगन जरुरी है।

**शिक्षक की सुनें** –विद्यार्थी को यह मानकर चलना चाहिए कि वह जो भी पढ़ रहा है, उसके लिए पहली बार है लेकिन शिक्षक यह सब पहली बार नहीं पढ़ा रहे होते हैं। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को वह विषय पढ़ाया होता है। उन्हें पता होता है कि विद्यार्थी की क्षमता क्या है और उसको कैसे पढ़ाना और सिखाना है। इसलिए सफलता के लिए जरुरी है कि वह अपने तरीके से पढ़ने की जगह अपने अपने शिक्षकों के निर्देशों का पालन करें। मोशन से दी गई सभी सीट्स और शिक्षक सामग्री को जरूर से पूरा करें।

**लक्ष्य के प्रति फोकस रहें, बैकलॉग नहीं बनाने दें:** 1.ज्यादातर विषयों में टॉपिक्स और कॉन्सेप्ट्स एक दूसरे पर डिपेंड करते हैं। यदि आपने बीच में कोई क्लासेस मिस कर दी हैं, तो आगे के टॉपिक्स समझना मुश्किल हो जाता है। इसलिए जरुरी है कि छात्र-छात्राएं, क्लास में नियमित आएं। उपस्थिति 95% से अधिक होना जरुरी है। 2.टाइम मैनेजमेंट जरुरी है। टाइम टेबल बनाकर रोजाना कोचिंग सहित 12-14 घंटे पढ़ाई जरूर करें। 3.होमवर्क समय पर पूरा करें और किसी भी हालत में बैकलॉग नहीं बनाने दें। 4.आधे-अधूरे मन से किए गए काम में सफलता नहीं मिलती है। एग्जाम टाइम पर सिलेबस को फिनिश ना करना आधे-अधूरे इरादे के लक्षण हैं।

**अभिभावक न खुद तनाव लें और न ही बच्चों को दें** – माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चे को सही जगह कोचिंग के लिए भेजें। अपने सामर्थ्य के अनुसार बच्चे को मासिक व्यय भेजते रहें। उसको घर के समस्याओं और विवादों से दूर रखें। बच्चे से रोज या एल्टरनेट जरूर से बात करें और उसकी दिनचर्या पर नजर रखें। मोशन द्वारा एटेंडेंस और टेस्ट परफॉर्मेंस से संबंधित सभी संदेशों पर ध्यान दें। समय-समय पर भिलाई आएं और देखें कि बच्चा होस्टल में कैसे रह रहा है, पीटीएम में अवश्य से भाग लें। बच्चों को हर टेस्ट देने के लिए प्रेरित करें और उनकी गलतियों की पहचान कर दूर करने में मदद करें। याद रखें टेस्ट में सवालों का स्तर एग्जाम से भी टफ होता है। अगर टेस्ट में नंबर कम आते हैं तो यही कहें कि तुम अपनी ओर से सबसे अच्छा करो, जो परिणाम आएगा, उसे हम दिल से स्वीकारेंगे। यह आश्वासन उन्हें हौसला देगा।

जो छात्र नीट और जेईई एग्जाम में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, और उन्हें रिस्टार्ट लेना है, उन्हें बिल्कुल भी देर न करनी चाहिए। उन्हें संकल्पबद्धता के साथ आगे बढ़ना चाहिए, और मोशन के नीट और जेईई के लिए 1 जुन से नए बैच में अपनी कक्षाएं शुरू करनी चाहिए। और जो 10वीं के छात्र अभी तक रिजल्ट की प्रतीक्षा कर रहे थे, वे और अधिक समय बर्बाद न करें, और मोशन के सर्वश्रेष्ठ काउंसलर से सलाह लेकर उचित निर्णय लें।

**सफलता का दरवाजा: मोशन भिलाई इंस्टीट्यूट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत–** आपके विश्वास से मोशन को कोटा में जेईई, नीट और ओलम्पियाड की तैय्यारी के लिए सबसे तेजी से बढ़ने वाला और सर्वश्रेष्ठ कोचिंग संस्थान बना दिया है और अब मोशन कोटा का भरोसा भिलाई में साकार होता दिख रहा है। मोशन-भिलाई हमारे लिए किसी इंस्टिट्यूट या संस्था का नाम नहीं है, हमारे लिए यह मिशन है, जिम्मेदारी और संकल्प है। संकल्प शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव का, भावी पीढ़ी के करियर के सपनों को साकार करने का। हमारे लिए हर विद्यार्थी खास है, हम चाहते हैं कि विद्यार्थियों को अच्छे से अच्छा माहौल मिले और वे अपने मकसद में कामयाब हों। हमेशा उनका विशेष ख्याल रखते हैं, उनके सपनों से लेकर सफलता तक के सफर में साथ रखते हैं। उनकी हर समस्या हमारी समस्या होती है और हम उनके समाधान के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

इन दिनों, मोशन भिलाई इंस्टिट्यूट में एडमिशन का सिलसिला चल रहा है। यह एक नए शुरुआत का समय है और नए सत्र, नए संकल्प, लक्ष्य और नई उम्मीदों के साथ आया है। मोशन भिलाई, सभी वर्ग के छात्रों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है -

**फाउंडेशन कक्षा** - 8, 9, 10 के छात्रों के लिए कॉन्सेप्ट के साथ NCERT की बेसिक्स को स्ट्रांग करते हुए सभी प्रकार की ओलंपियाड की विशेष तैयारी। अभी भी जो छात्र एडमिशन नहीं लिए है उनके लिए अच्छा मौका है सीधे छात्रवृत्ति के आधार पर मोशन में एडमिशन पा सकते हैं जहाँ सप्ताह में 4 दिन क्लास होती है जिसमे फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायोलॉजी, एस. एस.टी., व मेंटल एबिलिटी, मोशन कोटा के विशेष फैकल्टी द्वारा पढ़ाया जाता है।

**कक्षा – 11** के छात्रों के लिए 2 साल का विशेष **नर्चर बैच** प्रोग्राम जिसमें स्कूल के कॉन्सेप्ट के साथ **'नीट, जेईई'** की कोटा के एक्सपर्ट द्वारा रोजाना 5 घंटे, क्लास ली जाती है जिनका टारगेट नीट/जे.ई.ई.-2026 है वो बिना देर किए मोशन में एडमिशन ले सकते है

**कक्षा – 12** के छात्रों के लिए **एन्थ्यूस बैच** में रोजाना 5 घंटे **NCERT एवं JEE/NEET** की विशेष तैयारी करायी जाती हैं। जिनका टारगेट स्कूल के साथ, नीट/जे.ई.ई.-2025 है वो काफी लेट हो चुके है फिर भी हमारे एक्सपर्ट से मिलकर जानकारी अवश्य लें।

**नीट व जे.ई.ई.**–ड्रॉपर्स के छात्रों के लिए, लीडर्स बैच 13 मई एवं 1 जून से शुरू होने जा रहे है जिसमें रोजाना 6 घंटे की क्लास 11वी, 12वी का सिलेबस एवं सभी प्रकार के टेस्ट सीरीज सम्मिलित है । हिंदी/अंग्रेजी माध्यम की क्लास अलग अलग लगाई जाती है।

और भी बहुत कुछ, सभी के लिए स्पेशल स्पॉट ऑफर के साथ सीट बुक करें, नहीं तो आप लेट हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, आप 152 - न्यू सिविक सेंटर,भिलाई हमारी ब्रांच में विजिट कर सकते है...।

**–नितिन पंड्या**
(डायरेक्टर, मोशन भिलाई)

## खबर संक्षेप



### कक्षा 12वीं की परीक्षा में सुजल रही प्रथम

**सरायपाली।** सुजल अग्रवाल ने कक्षा 12वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कर सरायपाली नगर व अग्र वंश समाज को गौरवान्वित किया है। अग्र शिरोमणि संस्था ने सुजल के घर जाकर हर्ष जताते हुए जताया। और सम्मान की कड़ी में प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि, अग्रसेन लिफाफा, अग्रसेन स्टीकर दिया गया। परिजनों से महाराजा अग्रसेन एवं सामाजिक विषय पर चर्चा की गई। सुजल के बाहर होने के कारण सुजल के बाबा व दादी का सम्मान किया गया।

### खरोरा के ग्रामीणों ने की गंगा पूजा



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में मां गंगा सप्तमी पर मां गंगा की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, शशि चंद्राकर, पारु चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में गंगा को पवित्र नदियों में से एक माना गया है।

### जवाहर नवोदय से कक्षा 10वीं में सहर्ष प्रथम

**सरायपाली।** पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय से कक्षा 10वी में सहर्ष नायक ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञातव्य हो सहर्ष का कक्षा 5वी में सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय दोनों में चयन हुआ था। सहर्ष ग्राम माधोपाली के निवासी स्व चुनचुन गोटिया के प्रपौत्र तिलकराम के पौत्र तथा बलौदा कॉलेज के प्रो गजानंद नायक व शिक्षिका लक्ष्मी नायक के पुत्र है। सहर्ष ने अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन व परिजन को दिया तथा वे नीट परीक्षा देकर डॉक्टर बनना चाहते हैं। सहर्ष की सफलता पर परिवार, समाज व ग्रामीणजनों में हर्ष व्याप्त है।



### खैरटखुर्द की पूजा ने बारहवी में रही प्रथम

**कोमाखान।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खैरटखुर्द की पूजा ने 83 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान रही। पूजा के पिता भीखम दास ग्राम सरायपाली सुअरमार में मजदूर का काम करते हैं। ड्राप आउट के बाद भी उन्होंने हार नही मानी। उसकी सफलता पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक खेमराज टंडन, शिक्षिका डिलेश्वरी ठाकुर ने हर्ष जताया है।



# सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में चंद्रोदय पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 13 मई 2024 को कक्षा दसवीं और बारहवी का रिजल्ट घोषित किया। नगर के प्रचलित बागबाहरा रोड महासमुंद स्थित चंद्रोदय पब्लिक सीबीएसई स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में चारु चांडक 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही। वही द्वितीय दर्शन जैन 92.6 प्रतिशत के साथ रहे। तृतीय स्थान पर शशि सिंह 92, चतुर्थ तेजस चंद्राकर 89, पांचवें स्थान पर भावना पटेल 88.6 प्रतिशत रहे।

इधर कक्षा दसवीं बोर्ड में प्रखर जैन ने 96.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय आकांक्षा गुप्ता 91.8, प्रियांशु सेठिया 88.2 तृतीय, चौथे कणिका विश्वकर्मा 87.4, अर्चना ने 87.2 प्रतिशत के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष, राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष



चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उप प्राचार्य मंजुला चंद्राकर, सहसचिव बंशीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी सदस्यों ने हर्ष जताया है।

प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। वही 80 प्रतिशत हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है। वहीं प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। इस अपार सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सभी टॉप 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। छात्रों की सफलता पर पर शिक्षक वृंद दीपक ठाकुर (कक्षा अध्यापक, वाणिज्य), प्रियंका महापात्र (कक्षा अध्यापिका, अंग्रेजी), आरती ठाकुर (कंप्यूटर विज्ञान), शिवानी साहू (कंप्यूटर विज्ञान), संगीता साहू (हिंदी), टीकाराम साहू (हिंदी), शिवराज देवांगन (गणित), लव दुबे (भौतिक शास्त्र ), रोबिन सम्मदर (रसायन विज्ञान), रेणुका साहू (जीव विज्ञान), सांघवी ठाकुर (अर्थशास्त्र), भीषण मंडाले (क्रीड़ा शिक्षक), दुर्गेश कन्नौजे (क्रीड़ा शिक्षक), मनीष चंद्राकर (लेखपाल), टकेश्वर चंद्राकर (वाहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग), पूर्णिमा साहू (भृत्य), खेमराज यादव (गार्ड) एवं अन्य सभी गुरुजनों ने भी हर्ष जताया है।

## कार्मल कान्वेंट स्कूल का सीबीएसई परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने बोर्ड परीक्षा 2024 कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बागबाहरा में स्थित कार्मल कान्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम गरिमामय रहा। कक्षा 10वीं में हरनीश कौर सलूजा 95.2 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नीति पटेल 93.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, अदिति रंगारी 93.4 के साथ तृतीय, काजल चंद्राकर 90.4 के साथ चतुर्थ, दीक्षा डहरिया 90 के साथ पांचवा एवं ताम्रध्वज साहू 88.8 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन समिति ने हर्ष जताया है।

### राज चंद्राकर ने किया स्कूल में टॉप

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी उत्तम चंद्राकर के सुपुत्र राज चंद्राकर ने गांव का नाम रोशन किया है। राज ने रायन इंटरनेशनल स्कूल रायपुर से सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 96.2 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। राज ने अन्य छात्रों से अपना सक्सेस मंत्र साझा करते हुए कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए निरंतरता जरूरी है।



## केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय केंद्रीय विद्यालय का सीबीएसई परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में विज्ञान समूह 37, वाणिज्य से 23 तथा कक्षा दसवी से 79 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। सभी विद्यार्थी सीबीएसई परीक्षा में सफल हुए। नतीजा 100 फीसदी रहा। केवि संगठन रायपुर संभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर केवि प्राचार्य संजय कंसल के कुशल मार्गदर्शन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास से बेहतरीन नतीजे से विद्यार्थी एवं अभिभावकों सभी गौरांवित है। कक्षा 12वी में विज्ञान समूह में येमन साहू ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे महासमुंद को गौरांवित किया है। येमन को रसायन शास्त्र में 100 में से 100 अंक तथा कंप्यूटर विज्ञान में 99 अंक अर्जित कर इतिहास रचा। कृति निर्मलकर ने 91.4 प्रतिशत अंक तथा दिव्यांशी साहू ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य समूह से प्रशांत निषाद ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त का प्रथम, प्राची जैन 80.6 प्रतिशत द्वितीय तथा कुलप्रीत ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किए। इसी तरह कक्षा दसवी में आर्यन ग्रहाचार्य ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किए। दूसरे एवं तीसरे स्थान पर ज्येष्ठा जीवन को 92 प्रतिशत तथा कनिष्का वर्मा को 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। गणित स्टैंडर्ड में आर्यन को 98, दिव्य चंद्राकर को 97 तथा कनिष्का को 97 अंक प्राप्त हुए है। गणित का पीआई 75 रहा। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन के लिए प्राचार्य समेत सुरेश कुमार सिंह, रोहिता, त्रिपाठी, लोकेश सिंह, विवेकानंद प्रधान, अंबरीश शुक्ल, वंदना आचार्या, आर्यन, शिवानी, सोहन लाल, तुलसी राम चंद्राकर, भूमिका, घनश्याम साहू, मनीषा, विवेक मिश्रा, सीताराम, कांता एक्का, जितेंद्र कुमार चंद्राकर, संजय बघेल सहित केवि परिवार ने हर्ष जताया है।



### सीबीएसई 10वीं में अन्वेषा रही प्रथम

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी निवासी भारतीय थलसेना में कार्यरत नायब सूबेदार केशव तिवारी की सुपुत्री अन्वेषा तिवारी ने केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 रायपुर डीडी नगर स्कूल से सीबीएसई कक्षा 10वी में 95.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसका श्रेय उन्होंने अपने माता पिता गुरुजन और केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य सुजीत सक्सेना को दिया है। विदित हो कि अन्वेषा शुरू से ही मेघावी छात्रा रही हैं।

### रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** सीबीएसई दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट 13 मई सोमवार को जारी हुआ। जिसमें रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल (महासमुंद) से दसवीं व बारहवी का परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं के टॉपर्स छात्र अनमोल चंद्राकर, भूमिका ताम्रकार, भूमि, अनामिका तथा कक्षा बारहवीं विज्ञान संकाय के टॉपर्स छात्र शौर्य जैन, चंद्रशेखर रामटेके, प्रियल चंद्राकर रहे। कॉमर्स संकाय से भूमि सेवानी, रचित चोपड़ा, हर्षिका ललवानी रहे। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल की प्राचार्या पूजा शर्मा, स्कूल की निर्देशिका सिंपल गोयल व समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

## किसानों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**बागबाहरा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुख्यमंत्री आवास पर अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा व जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में भेंटकर खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लोंदामुड़ा में ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की समस्याओं से अवगत कराई। जिस पर तत्काल मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया गया। अलका ने कहा कि कार्यकर्ताओं से मिलने पर मुख्यमंत्री की सरलता एवं आत्मीयता ने हम सभी कार्यकर्ताओं के मन को मोह लिया। इस अवसर पर नरेश चंद्राकर, संजय मालवे, कलाराम नायक, नारायण नायक, जसराज चंद्राकर, नरेंद्र बग्गा, रूपेश साहू, नंदू सोनी, चंदू साहू आदि उपस्थित रहे।

## रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक चातुरी



**सरायपाली।** क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ग्राम छोटे साजापाली में आयोजित रामायण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु राम के कथा का रसपान करने का सौभाग्य, सौभाग्यशाली को मिलता है। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने ग्रामीणों को प्रभु राम के आदर्श मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की अपील की। ज्ञात हो कि ग्राम छोटे साजापाली में 3 दिवसीय रामायण महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है, जहां आसपास की रामायण मंडली के कलाकारों द्वारा रामायण का पाठ और गायन किया जा रहा है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव चौधरी, बाबूलाल दीवान, गोवर्धन चौहान, रामानुज चौहान, कीर्ति चौहान, मीना चौहान, लोकेश चौहान, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की सरकार बनी तो सहारा निवेशकों की लौटाई जाएगी एक-एक पाईः विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि विगत वर्ष जुलाई 2023 में सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल लांच कर 45 दिनों में देशभर के 10 करोड़ निवेशकों की राशि लौटाने की बात कही थी, लेकिन आज 10 माह बीतने के बाद भी निवेशकों को उनकी राशि नहीं मिल पाई।



चंद्राकर ने कहा कि देशभर के 10 करोड़ निवेशकों को ढाई लाख करोड़ लौटाई जानी है। जिसमें महासमुंद जिले के लगभग डेढ़ लाख निवेशक शामिल हैं। इन निवेशकों ने सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से विगत जुलाई-अगस्त 2023 को 10 माह पूर्व अपनी परिपक्वता राशि की सकुशल वापसी के लिए आवेदन किया था, लेकिन पीड़ितों को आज तक राशि नहीं मिली। इसके अलावा प्रदेश भर के लगभग 8 से 10 लाख निवेशकों के लगभग 85 हजार करोड़ रुपए सहारा कंपनी में फंसा है। केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए रिफंड पोर्टल का लाभ प्रदेशवासियों को नहीं मिल पा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सेबी के पास 25 हजार 700 करोड़ की राशि निवेशकों को भुगतान के लिए रखा गया है। प्रथम किश्त में 10-10 हजार के रूप में 5 हजार करोड़ पोर्टल के माध्यम से लौटाने की योजना बनाई गई, लेकिन 250 करोड़ रुपए ही देश के कुछ राज्यों के निवेशकों को लौटाया गया है। 10 माह में महज 250 करोड़ लौटाना निवेशकों के भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद कांग्रेस के सहयोगी दल इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो सहारा निवेशकों की एक-एक पाई ब्याज सहित लौटाई जाएगी।

## 47 ने किया रक्तदान, उपहार में दिए हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

रक्तदान कर दूसरों को जीवन, हेलमेट पहन अपनी सुरक्षा के लिए जागरुकता संदेश देने बागबाहरा में आयोजित रक्तदान शिविर जो कि आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार द्वारा गुरुदेव रविशंकर महाराज के जन्मदिन पर स्थानीय जिन कुशल भवन में रखा गया था, वहां रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात हेलमेट उपहार स्वरुप प्रदान किया गया। शिविर में कुल 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन गुरुदेव के चित्र की पूजा अर्चना कर किया। रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को आशीर्वाद ब्लड बैंक व आर्ट ऑफ़ लिविंग परिवार के सदस्यों ने यातायात संबंधी जागरूकता के संदेश देते हुए हेलमेट भेंट किया। साथ ही निरंतर रक्तदान के लिए प्रेरित किया। शिविर में लिविंग परिवार के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

पेज 11 के शेष...

### दर्जनों ग्रामों में...

ग्राम पंचायत बजाडी के आदिवासी पारा, ग्राम पंचायत गुरजीभाठा अ के लक्ष्मीपारा, ग्राम पंचायत काण्डेकेला के पटेलपारा, ग्राम पंचायत उरमाल के साहूपारा, जुनापारा, ग्राम पंचायत भेजीपदर अडारपारा, ग्राम पंचायत साहेबिनकछार के खलिया डोंगरीपारा, ग्राम पंचायत कोयबा के नायकपारा, ग्राम पंचायत बोईरगांव के कन्हारपारा, डोंगरीपारा, ग्राम पंचायत जिडार के बुढार, ग्राम पंचायत गरहाडीह के कांदाखोदरा, डोंगरीपारा, ग्राम पंचायत कुचेंगा के कमारपारा, ग्राम पंचायत गोना के रक्शापत्थरा,, ग्राम पंचायत चलनापदर के धुरर्वापारा, ग्राम पंचायत भैसमुडी के धुररवापारा एवं नदीपारा सहित 24 ग्रामों में वर्षो से आंगनबाडी खोलने की मांग किया जा रहा है लेकिन अब तक आंगनबाड़ी नहीं खोला गया है। विकासखंड मुख्यालय मैनपुर दूरस्थ वनांचल के कमार आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आंगनबाड़ी नहीं होने से महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रारंभिक शिक्षा का लाभ आज तक नहीं मिल पा रहा है, प्राथमिक शिक्षा का स्तर कैसे ऊंचा उठ पाएगा यह विचारणीय प्रश्न है, इन कमार आदिवासी परिवारों की दशा और दिशा बदलने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार संकल्पित नजर आते हैं, इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस मामले को संज्ञान में नहीं लेना समझ से परे लगता है।

### गायत्री चेतना केंद्र...

पूरन लाल साहू ने सभी परिजनों को ऑनलाईन पंजीयन करने हेतु एवं इसके साथ ही इकाई के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में टोली बनाकर संपर्क करने निवेदन किया। गायत्री चेतना केन्द्र फिंगेश्वर के प्रमुख एचएल साहू ने कहा कि हम जिस गुरु से जुड़े है उनके विचारों को यज्ञ के माध्यम से घर -घर पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ है। हम उसमे खरा उतरने का प्रयास करेंगे और कार्यक्रम को सफल बनायेंगे। लोग यज्ञ परंपरा को भूल रहे है। उन्हे पुनर्जीवित करने का प्रयास करेंगे। युग पुरोहित परमानंद के माध्यम से परिजनों को अलग अलग गांव में जाने हेतु टोली बनाई गई। इस दौरान गोष्ठी में जगदीश साहू, चिंताराम साहू, कृपाराम यादव, शिवकुमार सोनी, नारद साहू, दिनेश साहू, टोपेश्वरी सिन्हा, पूर्णिमा यादव, जयंत्री कवर, शोभना साहू, राधेश्याम साहू, मेवालाल तारक, गैंद राम यादव, कन्हैया ध्रुव, अर्जुन सिन्हा, लोकराम साहू, शंभू साहू, वेदराम नंदे, यश कुमार उपस्थित थे।

### पिता की मौत...

के लिए कई बार शासन प्रशासन गुहार लगाई गई, लेकिन आज तक किसी ने इसके बारे में पहल नहीं किया गया। उनकी आर्थिक स्थिति इतनी भी मजबूत नहीं है कि ब्लाक मुख्यालय तक गंगा पहुंच सकें, अधिकारी कर्मचारी को बात कर या विधायक व कलेक्टर कर अपनी पीड़ा सुना सकें, गंगा का भरण-पोषण खुद उसकी मां पर आश्रित है। राशन कार्ड व आधार कार्ड बनाने में नजर गड़ाए अब तक कोने में पड़ी हुई है।

# जाति प्रमाण पत्र के लिए संकुल केंद्र देवरी में हुई शिक्षकों की विशेष समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

शासकीय व अशासकीय विद्यालय के समस्त बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पूर्ण करने के लिए संकुल केंद्र देवरी में समस्त प्रधान पाठक एवं शिक्षकों की विशेष समीक्षा बैठक हुई। संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी द्वारा समस्त शालाओं के शिक्षकों से वन टू वन चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई। शेष बचे हुए बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। समस्त शिक्षकों को कार्य विभाजन कर कार्य में प्रगति लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्राथमिक शाला खुर्सीपार के प्रधान पाठक नेतराम साहू एवं शिक्षक नंदकुमार साव को जाति प्रमाण पत्र शत प्रतिशत पूर्ण करने के लिए बधाई दी। अंत में संकुल प्राचार्य डीएस टंडन द्वारा सभी शिक्षकों को साथ मिलकर मिशन मोड में कार्य करने के लिए



दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में संकुल प्राचार्य डीएस टंडन, संकुल समन्वयक मनोज चक्रधारी, आपरेटर हितेश कुमार साहू, वरिष्ठ शिक्षक बलराम चंद्राकर, नेशलाल धृतलहरे, दीपक कुमार साहू एवं संकुल केंद्र देवरी के समस्त शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 15 मई 2024

10 किसानों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



12 अक्षय तृतीया पर जिला में एक भी बाल विवाह का...





# कक्षा 12वीं तक विशेष आवासीय विद्यालय में रहकर पढ़ाई करेगा दिव्यांग राकेश

## कॉलेज की पढ़ाई में भी विभाग करेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ग्राम खलियापानी के रहने वाले दिव्यांग राकेश अब अपनी आगे की पढ़ाई कलेक्टर दीपक अग्रवाल की विशेष पहल से विशेष विद्यालय में रहकर पूरी करेंगे। कक्षा 12वीं तक विशेष आवासीय विद्यालय में रहकर ओपन परीक्षा के माध्यम से अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। साथ ही कॉलेज की पढ़ाई में भी विभाग सहयोग करेगा। दरअसल ग्राम पंचायत कोठीगॉव के ग्राम खलियापानी के रहने वाले दृष्टिबाधित दिव्यांग राकेश पिता बृजलाल के संबंध में संसाधन के अभाव में पढ़ाई पूरी नहीं कर पाने की सूचना मिलने पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उप संचालक समाज कल्याण विभाग को दिव्यांग राकेश को पुनः शाला में प्रवेशित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने राकेश के घर जाकर उनका हालचाल जाना। साथ ही पढ़ाई में क्या दिक्कत आ रही इसकी भी जानकारी ली। उप संचालक समाज कल्याण विभाग गरियाबंद ने बताया कि दिव्यांग राकेश और उनके परिजनों से संपर्क किये जाने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि दिव्यांग राकेश को समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त संस्था प्रेरक स्वैच्छिक संस्था राजिम द्वारा संचालित विद्यालय-राजिम द्वारा वर्ष 2016 से दिसम्बर 2023 तक समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत विशेष शिक्षण-प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही ब्रेललिपि, ट्रेलर फेम, केन तकनीकी, मोबिलिटी एवं अन्य विशेष शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से संस्था के विशेष शिक्षक द्वारा शिक्षण-प्रशिक्षण कराया गया है।



### कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने के बाद पुनः विद्यालय नहीं आया

दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम से कक्षा 8वीं उत्तीर्ण है। कक्षा 8वीं उत्तीर्ण होने के पश्चात अपने घर जाने के बाद पुनः विद्यालय नहीं आया। संस्था द्वारा विद्यालय आने के लिए बार-बार परामर्श दिया गया, किंतु वह विद्यालय नही आया। अभी भी दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम में प्रवेशित है। आज संस्था के शिक्षक द्वारा दिव्यांग राकेश के घर जाकर संस्था में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई करने हेतु पुनः समझाईश दिया गया है। जिसके पश्चात दिव्यांग राकेश विशेष विद्यालय में रहकर अपनी आगे की पढ़ाई करने हेतु सहमत हुए है। अब दिव्यांग राकेश सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय राजिम में रहकर निःशुल्क पढ़ाई करेंगे।

## खबर संक्षेप



### पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क से नहीं हटाया मलबा, लोग परेशान

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में जल जीवन मिशन योजना के तहत लगभग दो -तीन माह पहले ठेकेदार द्वारा पाईपलाईन बिछाने के लिए सीसी रोड को जेसीबी मशीन लगाकर जगह -जगह तोड़ा गया है। और बड़े -बड़े गढ्ढे कर दिये हैं मैनपुर नगर के भीतर मुख्य मार्गों में गढ्ढे और सड़क के ऊपर बोल्डर गिट्टी मलबा को रख दिया गया है, जिसे अब तक नहीं हटाने से आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं हांलाकि संबधित ठेकेदार द्वारा सीसी रोड़ को तोड़ने के बाद कई जगह सीसी रोड कार्य में सुधार भी किया गया है। लेकिन सड़क के बीचों- बीच रखे गये मलबे और बोल्डर को नहीं हटाने से खासकर रात के समय में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। नगर में ऐसे भी स्ट्रीट लाईट नहीं जल रही है और ऊपर से रात में सड़क के बीचों-बीच मलबा होने से नगरवासी परेशान हो गये हैं, लेकिन इस ओर संबधित विभाग ध्यान नहीं दे रहा है, जो समझ से परे है।

### शिवमहापुराण कथा सुनने, नवापारा से निःशुल्क बस सेवा



**नवापारा-राजिम।** कुरूद में आयोजित शिवमहापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के प्रवचन सुनने के लिए नवापारा से जो जाना चाहते है उनके लिए मातारानी ट्रेवेल्स द्वारा निःशुल्क बस सेवा की व्यवस्था 16 मई से 22 मई तक की गई है। ये बस सुबह 8 बजे रोज बस स्टेण्ड स्थित शर्मा भोजनालय के पास से जाएगी। बताया गया है कि शिवमहापुराण कार्यक्रम में श्री संकट मोचन सुंदरकांड जन कल्याण समिति के तत्वावधान में मातारानी ट्रेवेल्स के द्वारा व्यवस्था की जा रही है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के नवागांव के पास ट्रेन से कटकर अज्ञात महिला की मौत हो गई। स्टेशन मास्टर के पाणीग्रही ने पुलिस को सूचना दी कि 13 मई को नवागांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार ट्रक पलटा

**महासमुंद।** तुमगांव थाना अंतर्गत गोपालपुर कांपा में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस ने बताया कि मामले में ट्रक क्रमांक एमएच 40 सीडी 2552 के चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### योगेश्वर को मिली हजारीबाग की कमान

**महासमुंद।** स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य संगठन द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव में हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। 13 मई 2024 से विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा झारखंड के हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। साथ में सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान भी विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ हैं।

## अनदेखी : 24 ग्रामों में वर्षो से आंगनबाड़ी केंद्र खोलने की मांग

# दर्जनों ग्रामों में आंबा केंद्र नहीं होने के कारण सैकड़ों नौनिहालों को नहीं मिल रहा लाभ

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों ग्रामो में आज भी आंगनबाड़ी नहीं खुल पाने के कारण सैकड़ों आदिवासी नवनिहाल बच्चों को जहां एक ओर पोषण आहार व आंगनबाड़ी की सुविधाएं नहीं मिल पा रहा है। वहीं आंगनबाड़ी के माध्यम से संचालित गर्भवती माताओं के लिए गर्म भोजन व अन्य योजनाओं का लाभ से महिलाए वंचित हो रही है, ऐसा नहीं की इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को न हो कई बार आंगनबाड़ी खोलने की मांग को लेकर ग्रामीण मैनपुर गरियाबंद पहुंचकर आवेदन देकर थक चुके हैं। हर बार सिर्फ उन्हे आश्वासन मिलता है लेकिन अब तक आंगनबाड़ी केंद्र नहीं खुल पा रहा है, हांलाकि विभाग के द्वारा ऐसे गांवों में नवनिहालों को पोषण आहार जैसे सुविधा देने की दावा किया जाता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। 2 से 3 किलोमीटर दूर होने के कारण किसी भी हाल में 0 से 5 वर्ष के बच्चे दूसरे गांव के आंगनबाड़ी में नहीं पहुंच पाते। महिला बाल विकास विभाग एवं शासन प्रशासन को चाहिए कि इस दूरस्थ वंनाचल आदिवासी क्षेत्र के नवनिहाल बच्चों को पोषण आहार व अन्य सुविधा उपलब्ध कराने ऐसे ग्रामों में आंगनबाड़ी खोला जाये मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरीघाट के छोटेपारा, पटेलपारा, ग्राम पंचायत गोहरापदर के भाठीपारा, ⏭ शेष पेज 10 पर





### आंगनबाड़ी खोला जाना जरूरी : सरपंच

ग्राम पंचायत गोना के सरपंच सुनील मरकाम ने बताया कि 50 बार आंगनबाड़ी खोलने के लिए आवेदन देकर थक चुके हैं। ग्राम गोना के आश्रित ग्राम रक्शापत्थरा जिसकी दूरी 08 किलोमीटर है आज तक आंगनबाड़ी नहीं खुला है जबकि यहां आंगनबाड़ी खोला जाना बहुत जरूरी है।



### आंगनबाड़ी खोला जायेगा

महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी चन्द्रहास साहू बताया कि मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 24 ग्रामो में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृती मिलते ही आंगनबाड़ी खोला जायेगा।

### सरपंच ने बताया कि 50 से ज्यादा बार आवेदन दे चुके हैं

ग्राम पंचायत गोना के सरपंच सुनिल मरकाम ने बताया कि गोना से रक्शापत्थरा की दूरी 08 किलोमीटर है और आज तक यहां आंगनबाड़ी नहीं खोला गया है। वहीं ग्राम पंचायत दबनई के सरपंच घनश्याम नागेश ने बताया कि कमारपारा, डडईपानी में आंगनबाडी खोलने की मांग को लेकर थक चुके है। लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इस गंभीर समस्या को विभाग नजरअंदाज कर रही है, ऐसा लगता है की इन आदिवासी कमार बच्चों की आवाज इन विभागीय कर्मचारियों के कानों तक नहीं पहुंच पा रही है, आंगनबाड़ी केंद्र की अत्यंत आवश्यकता है बच्चों के नाम पंजी में दर्ज है, लेकिन अधिक दूरी होने से केंद्र में नहीं पहुंच पाते एवं बच्चों को हम अभी तक प्रारंभिक शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, विभागीय अधिकारियों के टीम गांव तक पहुंच करके नया आंगनबाड़ी केंद्र खोलने हेतु प्रस्ताव कर लाई गई। किन्तु अभी तक नया आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा इन बच्चों के किस्मत में नहीं खुल पाया है।

## जनपद सीईओ ने विधवा महिला से ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

खबर का असर

घने जंगलों के बीच रहने को मजबूर विधवा के नाम से खबर प्रकाशन के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश जनपद पंचायत के सीईओ आरके ध्रुव एवं ग्राम पंचायत अकलवारा के सचिव धनेश साहू स्थल पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी ली और उन्होंने प्रशासन के पहुंचने की जानकारी देते हुए शासन की योजनाओं को पहुंचाने की बात की। जनपद पंचायत के सीईओ ने बताया कि सबसे पहले उनसे राशन कार्ड के संबंध में चर्चा किया गया उनका राशन कार्ड बना हुआ है और राशन उन्हें मिल रहा है, गांव के बाहर रहने के संबंध में उन्होंने बताया कि इसके पूर्व उनका निवास अन्य गांव में होने की वजह से आने के पश्चात जंगल में टेवारी मंदिर के पास निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके खेत सोरिद ग्राम पंचायत के क्षेत्र में आता है और उनके निवास ग्राम पंचायत से जुड़ा हुआ है। अतः उन्होंने बताया कि दोनों ही ग्राम पंचायत को पत्र लिखकर उनके लिए ढाई डिसमिल जमीन की मांग की गई है ताकि उनका आवंटन कर गांव के आसपास व्यवस्थित किया जा सके। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि उनके दो बच्चों में से एक बच्चे हैं, आश्रम में रहकर पढ़ रहा है और दूसरे की व्यवस्था के लिए उन्होंने परिवार से चर्चा की है कि आसपास के आश्रम में भी उनके पढ़ने की व्यवस्था की जाए साथ-साथ उन्होंने कहा कि पीने के पानी के लिए टेवारी मंदिर पर हैंडपंप लगा हुआ है और दोनों ग्राम पंचायत को पत्र भेज कर मिले जानकारी के अनुसार कार्रवाई करते हुए इस परिवार को जल्द से जल्द गांव के आसपास व्यवस्थित करने के लिए प्रशासन कार्रवाई कर रहा हैं।



## गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में हुई गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर क्षेत्र के परिजनों की गोष्ठी सम्पन्न हुई। बैठक में विस्तार से जानकारी देते हुए संतोष साहू संरक्षक युवा प्रकोष्ठ ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ गरियाबंद में होने वाले 21 मई से 26 मई तक छः दिवसीय युवा चेतना शिविर में युवा, भाई व बहनों को शिविर में जरूर भेजे। ताकि वहां से आने के बाद गुरु के कार्यो में जुट जावे। वरिष्ठ कार्यकर्ता पवन गुप्ता ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा 23 मई से 26 मई तक होने वाले 'गृहे गृहे गायत्री महायज्ञ'' हेतु घर घर संपर्क करने हेतु टोली बनाने की बात कही। ताकि सद्बुद्धि की देवी माता गायत्री यज्ञ के माध्यम से पहुंच सके। युवा प्रकोष्ठ के सह समन्वयक ⏭ शेष पेज 10 पर

## रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ...



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी के मिनी स्टेडियम में ब्राइट फ्यूचर अकादमी के तत्वावधान में ग्रामीण रात्रिकालीन टेनिस बाल प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच प्रीतराम देवांगन द्वारा किया गया। जानकारी के मुताबिक इस प्रतियोगिता में 70 टीम भाग लेने जा रही है।

## पिता की मौत के बाद बेटी के लिए मां का संघर्ष जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

- हाथ व पैर से विकलांग गंगा को वर्षो से शासकीय योजनाओं का इंतजार



ग्राम रसेला निवासी 21 वर्षिय कुमारी गंगा मरकाम पिता गोविंदा मरकाम को आज तक पेंशन के रुप में 300 रूपए को छोड़कर शासन का कोई भी योजना इनके पास नहीं पहुंच रही हैं। हाथ व पैर से पूरी तरह विकलांग गंगा तक शासकीय योजनांतर्गत व दानदाताओं के माध्यम से एक अभी तक कुछ नहीं पहुंच पाई है। पिता की मौत के बाद बेटी के लिए मां का संघर्ष जारी है। गंगा के मां मेम कुंवर मरकाम ने बताया कि शौच से लेकर तमाम दिनचर्या के काम मां के भरोसे होते हैं। कुमारी गंगा बचपन से दोनों हाथ व पैर से पूरी तरह से विकलांगता ग्रसित है। लेकिन आज तक सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल सका है। ज्ञात हो कि गंगा का ना राशन कार्ड बना है ना आधार कार्ड भी बन नहीं पाया है। अपनी मां के भरोसे जिन्दगी की गुजर बसर कर रहे हैं। इनकी मां को महीने में सिर्फ 10 किलो चावल मिलता है और 10 किलो चावल से दोनों मां बेटी का कैसा गुजर चलता होगा अंदाज लगाया जा सकता है। कुमारी गंगा को सिर्फ पेंशन के रुप में 300 रूपए मिल पाता है। अभी एक तक व्हीलचेयर नसीब हुआ है, वो भी हाथ से चलाने वाले जबकि गंगा का हाथ किसी चीज को पकड़ नहीं सकता और हमेशा उसका हाथ कंपते रहते हैं। राज्य सरकार की तमाम योजनाएं से गंगा वंचित हैं। मां ने बताया कि राशन कार्ड और आधार कार्ड ⏭ शेष पेज 10 पर

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर डॉ. चौहान ने किया नर्सों को सम्मानित

# स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ होती है नर्स : डॉ. हरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ज़िला अस्पताल में नर्स दिवस के अवसर पर डॉक्टर हरीश चौहान ने नर्सों का स्मान किया। इस दौरान अलग-अलग तरीके से नर्सों का मनोबल ऊंचा हो सके उनके किए फूल और चाकलेट देकर खुशी का इजहार किया गया। साथ ही नर्सों ने भी डॉक्टर चौहान को उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर डॉक्टर चौहान ने कहा कि नर्स का नाम सुनते ही सबसे पहले जो मन में भाव आता है वह सेवा का होता है सभी नर्सों को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर शुभकामनाएं दिया। चिकित्सा के क्षेत्र में जितना अहम भूमिका डॉक्टर्स का होता है, उतनी ही भूमिका नर्स का भी होता है। मरीजों को ठीक करने में नर्स अपनी सरहानीय भुमिका अदा करती है। इससे बड़ा सेवा एवं पुण्य का कार्य नहीं हो सकता है। एक नर्स अपने मरीज की भलाई व सेवा के कार्यों में तत्पर रहती है। नर्स अपने मरीजों की सेवा के लिए दिन-रात खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि एक नर्स स्वास्थ्य विभाग में रीढ़ की तरह होती है नर्स के बिना चिकित्सा सेवा अधूरी होती है। मरीज की सेवा करने के साथ-साथ वह मरीज का हौसला भी बढ़ती है। शाखा अध्यक्ष सारिका लड्डा ने कहा की सेवा और समर्पण का दूसरा नाम है नर्स, डॉक्टर हरीश चौहान का मरीजो के साथ अपनापन देखते बनता है।



### डॉक्टर का वार्ड में जाना मरीजों के लिये दवा का काम कर जाती है: यामिनी

डॉ चौहान के साथ काम करने में ऐसा लगता है जैसे हम अपने परिवार के साथ काम कर रहे है। उनका मरीजों के साथ अपनापन तो देखते ही बनता है। मरिजों को डॉक्टर चौहान का आना ही दवा के बराबर लगता है ये एक चीज हम सभी डॉक्टर चौहान सर से सीखते हैं। कैसे मरिजों को अपने बुज़र्गों की तरह पेश आए और उनके सेहत कि ख़्याल रखे। डॉक्टर साहब कहते हैं जब अस्पताल से मरीज़ स्वस्थ हो कर घर जाता है और उनके परिवार वालों के चेहरे पर जो ख़ुशिया नज़र आती है। इससे बड़ा पुण्य कुछ नहीं है, हम सभी नर्स खुशनसीब है हमें डॉक्टर हरीश चौहान के साथ काम करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर सिस्टर यामिनी, सिस्टर मीनाक्षी सिस्टर, कुसुम सिस्टर, कविता सिस्टर व स्नेहा विशेष रूप से मौजूद रहे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

# अक्षय तृतीया पर जिला में एक भी बाल विवाह का प्रकरण नहीं आया सामने

## जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने अक्षय तृतीया पर चलाया गया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में बाल विवाह के पूर्णतः रोकथाम हेतु कलेक्टर दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह के मार्गदर्शन में व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में जिला स्तरीय एवं पांचों विकासखण्ड में नोडल नियुक्त किया गया था। जिला अंतर्गत 10 मई को अक्षय तृतीया के पर्व पर बाल विवाह होने की ज्यादा संभावना रहती है जिसको ध्यान में रखते हुये प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम गठित कर जिला को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। संयुक्त टीम बाल संरक्षण, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं पुलिस विभाग के द्वारा जिले के सभी परियोजना एवं ब्लॉक में बाल विवाह रोकथाम हेतु पंचायत, गॉव, पारा स्तर पर बाल विवाह कानून का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही टीम के द्वारा विवाह स्थल में जाकर वर एवं वधु का आयु सत्यापन कर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में समुदाय एवं जनमानस को जागरूक किया गया। शासन एवं समाज की सहभागिता से व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा समस्त प्रिंटिंग प्रेस, गायत्री परिवार, विवाह करने वाले पुरोहित, समस्त टेन्ट हाउस मालिक, समस्त डीजे व बैण्ड बाजा मालिक, समस्त नाई एवं समस्त आर्य समाज प्रमुख से अपील किया गया था कि विवाह में अपनी सहभागिता देने से पहले बालिका 18वर्ष पूर्ण एवं बालक 21वर्ष पूर्ण की आयु संबंधित दस्तावेज जैसे अंकसूची, दाखिल खारिज, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि से आयु की पुष्टि अवश्य करें। निर्धारित आयु पूर्ण होने पर ही विवाह कार्यक्रम में अपना योगदान देवे।



### निर्धारित आयु से कम में विवाह कराने पर दण्डित किये जाने का प्रावधान



जिला बाल संरक्षण अधिकारी मिशन वात्सल्य योजना गरियाबंद ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार विवाह हेतु वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। अगर निर्धारित आयु से कम में लड़का व लड़की का विवाह करने या करवाने की स्थिति में शामिल होने वाले सभी लोग अपराध की श्रेणी में आयेंगे। जिन्हें 02 वर्ष तक का कठोर कारावास एवं 01 लाख रूपये तक का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। जिला प्रशासन गरियाबंद के द्वारा बाल विवाह रोकथाम के सतत प्रयास से अक्षय तृतीया पर जिला में एक भी बाल विवाह का प्रकरण सामने नहीं आया। जिले में बाल विवाह होने की सूचना चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 या श्री अनिल द्विवेदी जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मोबाईल नंबर 8839239688 में अनिवार्य रूप से दे सकते है।

## खबर संक्षेप

### ब्यारा में पत्थर रखवाने को लेकर विवाद, हुई मारपीट

**महासमुंद।** ब्यारा में पत्थर रखवाने को लेकर विवाद में परिवार के सदस्यों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट लिखाई है। प्रार्थी चंदलाल चेलक पिता बगसराम चेलक निवासी ग्राम साराडीह ने पुलिस को बताया कि 13 मई की शाम करीब 50 बजे मेरे हिस्से की जमीन पर महेश्वरी चेलक ट्रैक्टर से जबरदस्ती पत्थर खाली करवा रही थी, जिसे मना करने पर उसने मेरे हिस्से की जमीन है कहते हुए गालियां देने लगी। जब मेरी पत्नी राज बाई चेलक ने मना किया तो उसे बाल पकड़ कर मारने गली और उसके बांये हाथ को दांत से काट दी। उसके बाद आरोपी महिला का लड़का आशीष चेलक आ गया। इसके बाद दोनों ने मेरे साथ व मेरी पत्नी राज बाई चेलक के साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया।
इधर दूसरे पक्ष की महेश्वरी चेलक पति नाथूराम चेलक निवासी साराडीह ने पुलिस को बताया कि मैं स्वास्थ्य विभाग जिला अस्पताल महासमुंद में वार्ड आया के पद पर कार्यरत हूं। 13 मई की शाम करीब 5 बजे मैं अपने हिस्से के ब्यारा में ट्रैक्टर से पत्थर मंगवाए पत्थर को खाली करा रही थी।

### अवैध शराब बिक्री करते तीन गिरफ्तार

**महासमुंद।** पुलिस ने शराब के अवैध बिक्री पर कार्रवाई हुए अलग-अलग जगहो से तीन लोगों को पकड़ा है। जिसमे पटेवा थाना पुलिस ने ग्राम सरेकेल जाने का मार्ग झुमर तालाब के पास से शांता नायक पिता छेदीलाल (50) निवासी ढांक को 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को एवं बसना पुलिस ने श्मशान घाट के पास ग्राम भूकेल से आकाश पारेश्वर पिता विजय शंकर पारेश्वर (28) को 20 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 4 हजार रुपए के साथ और बलौदा पुलिस ने ग्राम जामपाली के घर बाड़ी से धरम सिंग सिदार पिता लक्ष्मण सिदार (51) को 3 हजार एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए के साथ पकड़ा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) क एवं 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सियासत : नपा, नपं अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट हो या पार्षद चुनें

# नगर पंचायत व नपा चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा इस बार भी होंगे आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

महानदी के दोनों पार राजिम और नवापारा शहर में नगर पंचायत व नगर पालिका चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा इस बार भी आमने-सामने होंगे। क्योंकि तीसरा कोई भी दल का वजूद यहां है नहीं। इन दोनों दलों के लोग अभी से गोटियां बिछाना शुरू कर दिए है। हालांकि नगरीय निकाय का चुनाव अभी दिल्ली दूर जैसा लग जरूर रहा है मगर हल- चल शुरू हो गई है। अभी सिर्फ इस बात को लेकर चर्चा छिड़ी हुई है कि अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होगा या पार्षद में से चुने जाएंगे। बहरहाल कोई कह रहा है भाजपा सरकार इस बार अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट करायेगी तो कोई कह रहा पिछली बार जैसा ही होगा। ये सवाल अभी भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। दोनों शहर के नेता जिन्हें चुनाव लड़ना है या जिसे इस पर दिलचस्पी है उनमें से कुछ लोग अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट होना चाहिए कह रहे तो कुछ नेता पार्षद के बीच से होना चाहिए बोल रहे है। आईए यहां के नेता क्या कहते है उन्हीं की जुबानी उन्हीं की कहानी। नगर पालिका नवापारा में कांग्रेस के अध्यक्ष काबिज है। वहीं राजिम नगर पंचायत में भाजपा की महिला अध्यक्ष विराजमान है।

### स्थानीय नेताओं ने दी प्रतिक्रिया



1 राजिम नगर पंचायत की महिला अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर का कहना है कि अध्यक्ष का चुनाव डायरेक्ट जनता के बीच से होना चाहिए। यही बात नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी भी कह रहे है कि अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा होना चाहिए। आखिर ऐसा क्यों? का जवाब दोनो अध्यक्ष ने फिलहाल नही दिया है।



2 नगर पालिका नवापारा के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा ने कहा कि डायरेक्ट चुनाव होना चाहिए ताकि इससे जनता अपने पसंदीदा व्यक्ति को मतदान कर सीधे अध्यक्ष चुन सकती है। चूंकि चुनाव दलीय आधार पर होता है एवं पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष का चयन किया जाना जनता के अधिकारों का हनन जैसा है।



3 नगर पालिका नवापारा के सभापति संध्या राव ने कहा कि जनता को अपना अध्यक्ष चुनने का अधिकार होना चाहिए, इससे योग्य व्यक्ति को सामने आने का अवसर भी मिलता है जनता को किसी को जबर्दस्ती झेलना नहीं पड़ता, यह प्रणाली निष्पक्ष है, अध्यक्ष भी इस प्रणाली के माध्यम से स्वतंत्र निर्णय ले सकता है जनता के लिए जनता का अध्यक्ष होना चाहिए।



4 भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन ने कहा कि नगर पंचायत व नगर पालिका के लिए अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष तौर पर होना चाहिए क्योंकि अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव होने पर, पार्षदों द्वारा अध्यक्ष चुनने से, सत्ता पलट का खतरा बना रहेगा। अध्यक्ष अपनी कुर्सी बचाने के लिए हमेशा पार्षदों के दबाव में काम करेगा, जिससे उसकी कार्य प्रणाली पर बुरा असर पड़ेगा और वह स्वच्छंद तौर पर ना तो काम कर पाएगा और ना ही निर्णय ले पाएगा।



5 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि हांलाकि चुनाव के दोनों प्रणाली का अपना महत्व है। पर मेरी व्यक्तिगत राय है कि आम जनता द्वारा चुना गया पालिका या पंचायत अध्यक्ष ज्यादा सशक्त होता है और वह स्वतंत्रता के साथ काम कर पाता है। वहीं पार्षदों द्वारा चुने जाने पर कहीं न कहीं पार्षदों का दबाव होता है इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता और इस चक्कर में शहर का विकास प्रभावित होने का डर बना रहता है। अब आपके शहर के अध्यक्ष को दस व्यक्ति चुनें या बीस हजार लोग दोनो निर्णय में अंतर तो होगा ही।



6 नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के द्वारा चुना जाना चाहिए। जिससे अध्यक्ष अपना मनमानी नहीं कर सकेगा। उसमें पार्षदों का दबाव रहता है इसमें सभी वार्डों में विकास होगा।



7 शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता हिमांशु दुबे ने कहा कि नगरपालिका चुनाव प्रत्यक्ष होना चाहिए जिससे आम जनता अपने नगर के प्रतिनिधि को खुद चुन सके। पार्षद में से खरीद फरोख्त कर अध्यक्ष बनाने की संभावना बढ़ती है जो संवैधानिक प्रतीत नहीं होता है।



8 जिला भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता महेश यादव ने कहा कि प्रत्यक्ष चुनाव होने से जनता की सीधा भागीदारी सुनिश्चित तथा जनता द्वारा चुने हुये प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेही होता है। अप्रत्यक्ष चुनाव में भ्रष्टाचार एवं खरीद फरोख्त होने की संभावना बनी रहती है। नगरीय निकायों में प्रत्यक्ष चुनाव होने से जनता अपनी पसंद के प्रत्याशी का चयन करता है और विकास कार्य करेगा ऐसा उम्मीद रहता है। इस कारण से नगरीय निकायों का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से ही होना चाहिए।

### राशनकार्ड नवीनीकरण में प्रगति लाने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 0 से 5 वर्ष के बच्चों और विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों का आधार कार्ड बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए आवश्यक कैंप लगाने के निर्देश भी दिए। मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान सम्मान निधि अंतर्गत लक्ष्य की पूर्ति के लिए कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों को आवेदन करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक हेक्टेयर से कम भूमिधारक किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमांत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिलाया जाए, जिससे वे कम दर पर ऋण प्राप्त कर सके। इसके अलावा राशन कार्ड नवीनीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को जून माह से दिव्यांगों के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। जिसमें दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले में पात्र सभी दिव्यांगों के यूडीआईडी कार्ड बनाना है। इस तरह श्रम विभाग में भगिनी प्रसूति योजना अंतर्गत पेंडिंग आवेदनों को आचार संहिता हटने के पश्चात स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही वन अधिकार पत्रों का पोर्टल में शीघ्रता से एंट्री करने के निर्देश दिए।

# पाठकों को पुरस्कार का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



प्रोत्साहन योजना के तहत कूपन जमा की गई थी। जिसमें पुरस्कार विजेताओं के नाम की घोषणा की गई। जिसमें नगर के अलावा आसपास के पाठकों को पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है, ग्राम दुल्ला के संजय ठाकुर को कैटल बॉक्स नगर के डॉक्टर आनंद गुप्ता, सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक छतर सिंह ठाकुर के द्वारा प्रदान किया गया। इसी तरह सान्तवना पुरस्कार पूर्णिमा पाटकर को दी गई। अन्य ग्राहक जिनको पुरस्कार प्रदान किया जाना है वह अपने आधार कार्ड सहित उपस्थित होकर अपना पुरस्कार प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान नरोत्तम विश्वकर्मा, प्रताप दीवान, गौरव साहू, धनेश्वरी मरकाम, जोगीराम ध्रुव, परमेश्वर ध्रुव, भगवत प्रसाद साहू, दीपा मिस्त्री सुरेश सिंहा एम केसु राम ध्रुव उपस्थीत थे।

# हरिभूमि के पाठकों को मिला पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना के अन्तर्गत मुड़ागांव क्षेत्र के पाठकों को मंगलवार को मुड़ागांव में पाठकों को पाठक पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें ग्राम करकरा निवासी इंदल कुमार पटेल को 9वां पुरस्कार कैटल बांक्स, 10वां पुरस्कार ग्राम बम्हनी निवासी तेजराम सेन को लंच बॉक्स दिया गया एवं सांतवना पुरस्कार पवन कुमार ध्रुव कनेसर, कन्हैयालाल सिन्हा पीपरछेड़ी, हुमेश कुमार गुप्ता मुड़ागांव, पुष्पा विनोद कुमार ठाकुर इंद्रावती कालोनी गौर चौरा रायपुर, राकेश कुमार साहू कोमल साहू रवेली, गुनेंद्र कुमार निषाद, डेहर राम निषाद रानीपरतेवा, हेमलाल कार्तिक राम गिधनी, गिरधारी सेन गैबी राम सेन मड़ेली, तिलक राम मदनलाल सोनी खड़मा, जितेंद्र दीवान पुरुषोत्तम दीवान रानीपरतेवा, पवन कुमार साहू धुर्वा राम साहू मड़ेली, चमन लाल ध्रुव पक्तिया, किशन लाल नंदे स्वर्गीय कुदुक राम नंदे मड़ेली, ताराचंद साहू घसिया साहू बम्हनी, हितेश कुमार निषाद बुधारू निषाद रानीपरतेवा, अमृत बाई दीवान जयंत कुमार दीवान रानीपरतेवा, विनोद कुमार अडवंशी दुखुराम रानीपरतेवा, किशोर यादव निर्मल यादव, ढपेन्द कुमार यादव संतूराम यादव खड़मा, राधिका ध्रुव विशेश्वर ध्रुव मुड़ागांव, सीताबाई ध्रुव परमेश्वर ध्रुव मडेली, सुखीराम साहू शिक्षक भूखन लाल साहू करकरा, लिलेश कुमार निषाद बहूर सिंह निषाद, दुलेश कुमार यदू तिलक राम यदू नवापारा, मोहन लाल साहू स्वर्गीय दुखूराम साहू करकरा, तुलसी बाई ध्रुव तेजराम ध्रुव कोरासी, लक्ष्मण कुमार ध्रुव तेजराम ध्रुव कोरासी, गैंदलाल पटेल रामलाल पटेल कसेकेरा, चंदूलाल सिन्हा मंगलू राम सिन्हा रानीपर्तेवा, जीवन लाल साहू, माखन लाल साहू रानीपर्तेवा, खूबचंद सिन्हा, रामलखन सिन्हा खड़मा, भानुप्रताप ध्रुव, दुर्जन सिंह ध्रुव कोरासी, नरेंद्र कुमार ध्रुव महेश राम ध्रुव रवेली आदि पाठकों को पाठक पुरस्कार योजना अंतर्गत संतावन पुरस्कार वितरण किया गया।

# सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत







**छुरा।** नगर में संचालित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल छुरा में इस वर्ष पहली बार सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा दिला रहे विद्यार्थी में से मानया सीतलानी, महक सचदेव, चारू साहू, देशांत, सुभम, सायराम, राजलक्ष्मी, चंद्रहास, तन्नू, सोमेश, कृष, दिव्यानी, कृष साहू, तेमेश, कुणाल, दीपेश्वरी, हर्षिता, प्रशांत अल्फिया समेत पूरे बीस विद्यार्थी ने इस परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें सभी छात्र -छात्राओं ने उत्तीर्ण हुए। जिसमें मान्य सितलानी 83.6, महक सचदेव 83.2 एवं चारू साहू ने 77% अंक हासिल कर शाला एवं अपने -अपने माता- पिता का नाम रोशन किए। मिली जानकारी के अनुसार यह संस्था पिछले वर्ष ही सीबीएसई मान्यता प्राप्त किए है ओर पहले वर्ष का बोर्ड परीक्षा में शत -प्रतिशत परिणाम हासिल किए है। जिसमें संस्था प्रमुख जॉर्ज जैकब, प्राचार्य बिंदू जॉर्ज जैकब, प्रबंधक आशीष जॉर्ज जैकब, अकादेमिक निर्देशक सुमंत आचार्य एवं समस्त शिक्षक सिक्षिकाओ ने सभी उत्तीर्ण हुए। छात्र- छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किए।

# जिले के जंगल में भारी पैमाने पर मिलता था तिखुर, अब खत्म होने के है कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के जंगल में पाया जाने वाला कंदीय फसल तिखूर गायब होता जा रहा है, ज्ञात हो कि जिले के तौरेंगा, कोदोमाली, साहेबिनकछार, गौरगांव, बरगांव, गोबरा, सिकासार पहाडी जंगल में भारी पैमाने पर तिखूर के पौधे प्राकृतिक रूप से पाया जाता था और अब धीरे धीरे इसकी तादात कम होती जा रही है, वनोपज व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के जंगल में मिलने वाले तिखूर काफी कीमत में बडे शहरों में बोली लगती थी लेकिन अब बहुत कम तिखूर आने लगा है, वनोपज व्यवसायियों ने बताया कि आज भी जंगल से तिखूर आ रहा है लेकिन अब बहुत कम हो गई है, गरियाबंद वनमंडल एंव उदंती अभ्यारण्य के जंगल में ही तिखूर के पौधे अभी भी मौजूद हैं, हालांकि कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र द्वारा किसानों को तिखूर की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है, लेकिन कुछ किसान इसकी खेती करने तैयार हो रहे हैं, क्योंकि इसके प्रसंसकरण में काफी अधिक मेहनत लगता है, वहीं इन दिनों क्षेत्र के बाजार में ओड़िशा की तिखूर खप रही है, उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार वन विभाग के माध्यम से समर्थन मूल्य में वनोपज की खरीदी कर रही है, इसके तहत तिखूर को 2500 रूपए क्विंटल में खरीदी किया जा रहा है, वैज्ञानिकों की मानें तो तिखूर हल्दी का ही एक प्रजाति है, जो कि जंगल में पाया जाता है, तिखूर की खेती किसान आसानी से कर सकते हैं और अच्छी खासी आमदनी होगी।



### गर्मी के सीजन में तिखूर की रहती है डिमांड

बाजार में एक किलो तिखूर 400 रूपए तक में बिकता है, क्षेत्र के बाजार में सीमाई प्रांत ओड़िशा से भारी मात्र में तिखूर की आवक होती है, क्षेत्र के ग्रामीण जंगल से तिखूर की सूखाते हैं और फिर पिसने के बाद प्रोसेस कर तिखूर बनाते हैं। जिसे मैनपुर साप्ताहिक बाजार में व्यापारियों के पास बेचेते है हल्दी जाति का एक कंदनुमा तिखूर होता है जो गर्मी के दिनों में इसका काफी महत्व बढ जाता है, तिखूर के अनेक प्रकार के व्यंजन और मिष्ठान बनाया जाता है, साथ ही यह लू और गर्मी से बचने के लिए शरबत के रूप में भी उपयोग किया जाता है, क्षेत्र में भारी तादात में पहले तिखूर मिलता था लेकिन धीरे धीरे अब इसके पौधे कम होने लगे है।

